कार्यालयः प्रभागीय वनाधिकारी, रेनूकूट वन प्रभाग,रेनूकूट सोनभद्र– (उ0प्र0)

☎05446–252020 PIN Code: 231217 Email:dforkt@yahoo.co.in

पत्रांक–3738/रेनुकूट/ 15– 38 दिनांक, रेनुकूट,मई, 01 , 2019

सेवा में,

मुख्य वन संरक्षक,
मीरजापुर क्षेत्र,
मीरजापुर।

विषयः– रेनुकूट वन प्रभाग अन्तर्गत नार्दन कोल फिल्ड्स लिमिटेड की ककरी परियोजना को कोयला खनन हेतु लीज पर हस्तान्तरित 185.84 हे0 वन भूमि लीज के ऑन लाईन नवीनीकरण प्रस्ताव FP/UP/MIN/29061/2017 के संबंध में

संदर्भः– आपका पत्रांक– सा0 3628/मी0क्षे0/33 दिनांक– 07.03.2019

महोदय,

विषयगत प्रकरण में संदर्भित पत्र का अवलोकन करने की कृपा करें । उक्त पत्र द्वारा प्रश्नगत प्रस्ताव में लगायी गयी आपत्तियों का निराकरण कराते हुए विवरण निम्नानुसार अवलोकनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

क्र0सं0	आपत्तियों का विवरण	अनुपालन आख्या
1	2	3
1	प्रस्ताव के संलग्नक–9 पर अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परम्परागत वन निवासी वन अधिकार अधिनियम 2006 के अन्तर्गत जिलाधिकारी का प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करने की वचनबद्धता दी गयी है । कृपया जिलाधिकारी का प्रमाण–पत्र संलग्न कर इसे ऑनलाइन भाग–2 में अपलोड की जाय ।	इस बिन्दु के अनुपालन में प्रस्तावक कम्पनी ने अपने पत्र दिनांक–19.04.2019 द्वारा भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली के पत्र संख्या– 11–43/2013–एफ0सी0 दिनांक–26 फरवरी 2019 की प्रति संलग्न करते हुए नवीनीकरण प्रस्ताव के संबंध में अग्रेत्तर कार्यवाही करने हेतु अनुरोध किया गया है । प्रस्तावक कम्पनी एवं भारत सरकार का उक्त पत्र दिनांक– 26.02. 2019 की छाया प्रति संलग्न है ।
2	प्रस्ताव के संलग्नक–6 पर इको क्लास एवं वानस्पतिक धनत्व के अनुसार एन0पी0वी0 की गणना का उल्लेख किया गया है लेकिन एन0पी0वी0 की गणना किस वानस्पतिक धनत्व के आधार पर किया गया है उल्लेख नही है ।	इस बिन्दु के अनुपालन में अवगत कराना है कि संलग्नक–6 में संलग्न प्रमाण पत्र में एन0पी0वी0की गणना इको श्रेणी तृतीय के अनतर्गत खुले वन के लिए निर्धारित दर के अनुसार की गयी है जिसे प्रमाण–पत्र में उल्लेख करा दिया गया है ।
3	प्रस्ताव में संलग्नक समस्त अभिलेखो पर प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित नही है ।	प्रस्ताव में संलग्नक अभिलेख जो प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा नियमानुसार प्रतिहस्ताक्षरित होना चाहिए उसे प्रतिहस्ताक्षरित कर दिया गया है ।

अतः उपरोक्तानुसार आपत्तियों का निराकरण कराते हुए नवीनीकरण प्रस्ताव के संबंध में अग्रेत्तर कार्यवाही किये जाने हेतु संस्तुति सहित नवीनीकरण प्रस्ताव की चार प्रतियॉ इस पत्र के साथ संलग्न कर प्रेषित है ।

<u>संलग्नकः–उपरोक्तानुसार प्रस्ताव की चार प्रतियॉ</u> ।

CCF पत्र तथा प्रस्ताव की 4 copy प्राप्त (क्षे0प्रा0), 06/05/19

भवदीय,

(एम0पी0सिंह)
प्रभागीय वनाधिकारी,
रेनुकूट वन प्रभाग रेनुकूट–सोनभद्र

संख्या– 3738 अ/सम दिनांकित ।

प्रतिलिपि : महाप्रबन्धक, नार्दन कोल फील्डस लि0, ककरी परियोजना, ककरी–सोनभद्र को उनके पत्र संख्या– 110 दिनांक– 19.04.2019 के क्रम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

(एम0पी0सिंह)
प्रभागीय वनाधिकारी,
रेनुकूट वन प्रभाग रेनुकूट–सोनभद्र